# खंडवा





नवभारत 03
इंदौर,बुधवार,8 अक्टूबर,2025


## एक नजर में

### दीपावली पर्व को लेकर श्री महालक्ष्मी मंदिर में बैठक



**खण्डवा।** विष्णुप्रिया माता लक्ष्मी की आराधना का पर्व दीपावली को लेकर श्री महालक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट की बैठक हुई जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष दीपावली पर्व धार्मिक वातावरण में मनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया तथा धार्मिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। दीपोत्सव का मुख्य दिवस 20 अक्टूबर को मर्नाया जाएगा। इस मौके पर जिला विकास सलाहकार समिति में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष गुरमीतसिंह उबेजा को सदस्य मनोनित किये जाने पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर राकेश झंवर, मधुकांता खण्डेलवाल,अखिलेश गुप्ता,चंद्रशेखर मिश्रा,शैलेष पालीवाल,दीपक पालीवाल,मंगलेश उपाध्याय,संजय शुक्ला,अलकेश गुप्ता,राकेश पालीवाल,आनंद गुप्ता,शरद खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

### किसानों को हर हाल में मिलेगा सोयाबीन फसल का उचित दाम

**खंडवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की मेहनत का सम्मान दिलाने के लिए उन्हें हर हाल में सोयाबीन फसल का उचित दाम दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भावान्तर योजना के अंतर्गत किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर 2025 तक जारी रहेगा तथा फसल बिक्री के 15 दिन की समय सीमा में भाव में अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दी जाएगी।

### प्रतिदिन आयोजित होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

**खंडवा।** सिंधी समाजजनों के आराध्य पूज्य अमर शहीद संत कंवरराम साहबजी का 68 वां बरसी उत्सव, पूज्य संत बाबा हरदासराम साहब जी (गोदडीवाले) का 48 वां बरसी उत्सव व पूज्य ब्रह्मस्वरुप संत बाबा गेलाराम साहेबजी का 17 वां चार दिवसीय बरसी महोत्सव श्री देवीदास जी पूज्य कंवर नगर सिंधी पंचायत, अमर शहीद संत कंवरराम ट्रस्ट जलगांव साहब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 10 अक्टूबर से सोमवार 13 अक्टूबर तक अमर शहीद संत कंवरराम साहबजी के परपौत्र पूज्य साईं राजेश कुमार साहब अमरावती एवं देश विदेश के अनेक संतों महात्माओं की विशेष उपस्थिति में बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस पुण्य अवसर पर पूज्य बरसी साहब के दौरान शुक्रवार 10 अक्टूबर को प्रातः 5 बजें देवरी साहब का पंचामृत स्नान एवं श्री गुरुग्रंथ साहब का अखंड पाठ एवं धूनि साहब आरंभ होगा। रविवार 12 अक्टूबर को 11 बजें झंडा पूजन एवं श्री गुरुग्रंथ साहब के अखंड पाठ पर भोग साहब होगा। वही रविवार 13 अक्टूबर को उत्सव का पल्लव साहब होगा। सभी कार्यक्रम संत महात्माओं की उपस्थिती में होंगे। इस अवसर पर संत बाबा हरदासराम साहब पटा पटी टोली, विशनी ईसरानी गांधीधाम,स्वामी तोलाणी (राक स्टार) अमलनेर,निखिल भगत,अनिल भगत उल्हासनगर,क्रांतिकारी (मुस्कान ग्रुप), झुम्मा डांस ग्रुप,बाबा जा प्यार जग खा न्यारा, बाबल प्यारो जलगांव वारो, ब्रह्मा विष्णु महेश भावेश गही, बाबा हरदास राम म्यूजिकल पार्टी रतन जाधवाणी, सभी जलगांव साईं साई राजेशलाल राम श्याम पार्टी अमरावती, गौरव नथाणी रिद्धि सिद्धि डांस ग्रुप, सिंगर बेबी कशिश एवं सिंगर बेबी फ्रांसी राजकोट, हर के सहारे बाबा हरदास राम हमारे जलगांव तुषार केसवानी,मां सावणमल कॉमेडी नाटक एवं एक पिता का बलिदान नाटक का मंचन भी जलगांव के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। सिंध जैसी मधुर शहनाई के साथ अन्य कार्यक्रमों का आनंद भी श्रद्धालुजन ले सकेंगे। आयोजन में दतिया के कमल खड़डर,श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान, घनश्यामदास संतवानी,किशनचंद कोटवानी,मनोहर सबनानी,हरीश आसवानी, अशोक नावानी,निर्मल मंगवानी,रवि गिदवानी,पवन डेम्बरा,द्वारकादास मोहनानी, पवन वासवानी,जीतू उदासी,कमलेश पमनानी,श्री झूलेलाल समर्थ पैनल अध्यक्ष प्रदीप कोटवानी एवं समस्त सदस्यों आदि व्दारा श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की हैं।

### 'ई-संजीवनी' के माध्यम से मरीजों को मिल रही स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की सेवाएं



**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए से ग्राम स्तर पर ई संजीवनी एवं टेली कंसल्टेंट सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि मरीजों को उनके गांव से दूर ना जाना पड़े बल्कि गांव में ही स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की सेवाएं उपलब्ध हो जाएं, इसके लिए सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जिला चिकित्सालय खण्डवा के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है। डॉ. जुगतावत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से सितम्बर माह में ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से 4026 मरीजों को टेली कंसल्टेंसी की सुविधा उपलब्ध कराई गईं।

### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के तहत खण्डवा जिले में 108 प्रकरणों का निराकरण

**खंडवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थता ओर सुलह परियोजना समिती के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर के बीच राष्ट्र के लिए मध्यस्थता नामक विशेष अभियान प्रारंभ किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य तहसील स्तरीय सिविल न्यायालय से लेकर माननीय उच्च न्यायालय तक मध्यस्थता के माध्यम से लंबित प्रकरणों को निराकृत करना था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में खण्डवा जिले के सभी न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु यह अभियान चलाया गया। प्रदेश में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के दौरान मध्यस्थता के माध्यम से 4552 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया,जिसमें खण्डवा जिले के सभी न्यायालयों के माध्यम से 108 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि इन निराकृत प्रकरणों में न्यायालयों में लंबित वैवाहिक प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, घरेलू हिंसा, चैक बाउंस के प्रकरण, समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण तथा सिविल प्रकरण के साथ-साथ अन्य प्रकरण भी सम्मिलित थे। श्री भावे ने बताया कि यह अभियान विवादों को सुलझाने,न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के मामले में मध्यस्थता, संवाद ओर सहयोग की शक्ति को प्रदर्शित करता है।

### वाहन चालकों पर कार्रवाई


**खंडवा।** जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी,बिना हेलमेट,सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 26 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 10400/-रुपए वसूल किए गए है।

# सुविख्यात गीतकार प्रसून जोशी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव वर्ष-2024 के पुरस्कार से करेंगे अलंकृत

## दो दिवसीय राष्ट्रीय 'किशोर कुमार सम्मान' कार्यक्रम 13 और 14 को

नवभारत न्यूज

***खण्डवा। हरफनमौला किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर 13 व 14 अक्टूबर को खंडवा मिनी रूपहली नगरी बन जाएगा। राष्ट्रीय किशोर कुमार अलंकरण समारोह में सिनेमा जगत की हस्तियां जुटेंगी। इस बार किशोर सम्मान प्रख्यात गीत लेखक प्रसून जोशी को दिया जा रहा है। हेमंत कुमार आर्केस्ट्रा भी खंडवा आ रही है। कुछ बड़े चेहरे भी खंडवा में किशोर कुमार की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।***



प्रसून जोशी

खंडवा है तो मध्य तबके का शहर, लेकिन पुराने जमाने से इसकी ख्याती हर विधा में है। आजादी का आंदोलन, अखबारों का निकलना, फिल्म इंडस्ट्री को अशोक कुमार जैसा पहला सुपरस्टार खंडवा से निकलना, राजनीति में मुख्यमंत्री जैसे ओहदे पर खंडवा से किसी व्यक्तित्व का पहुंचना। सब कुछ आसान नहीं है। इसका मुख्य श्रेय खंडवा से सीधी मुंबई और दिल्ली जैसी रेल लाइन को जाता है।

किशोर सम्मान अलग-अलग विधाओं में श्रेष्ठ हस्तियों को यह सम्मान दिया जाता है। दीर्घ साधना और उपलब्धियों के आधार पर निर्देशक,अभिनेता, पट कथाकार और गीत लेखक का चयन क्रमशः किया जाता है। इस मौके पर संगीत निशा का आयोजन भी होगा।

संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन, खंडवा के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान का आयोजन 13-14 अक्टूबर को पुलिस ग्राउंड, खंडवा में किया जाएगा।

दोनों दिनों की प्रस्तुतियाँ शाम 7 बजे से संयोजित की जाएंगी। संचालक,संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि पहले दिन 13 अक्टूबर को स्थानीय किशोर गायकों द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुतियाँ होंगी। इसी दिन इंदौर के अनिल शर्मा एवं बैंड श्रोताओं के लिए किशोर कुमार के यादगार नगमे पेश करेंगे।

श्री नामदेव ने बताया कि मुख्य समारोह 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री वर्ष-2024 के राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान (गीत लेखन) से मुंबई के सुविख्यात गीतकार प्रसून जोशी को विभूषित करेंगे।

### हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप प्रस्तुतियाँ देगा

मुंबई के हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। समारोह में संगीत के साधक एवं कलाप्रेमी श्रोताओं का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### ये हस्तियां नवाजी गईं अब तक

1. हृषिकेश मुखर्जी 1997-98
2. नसीरुद्दीन शाह 1998-993. गुलजार 1999-00
4. कैफी आजमी 2000-01
5. बी.आर. चोपड़ा 2001-02
6. अमिताभ बच्चन 2002-03
7. गोविन्द निहलानी 2003-04
8. जावेद अख्तर 2004-05
9. श्याम बेनेगल 2005-06
10. शत्रुघ्न सिन्हा 2006-07
11. मनोज कुमार 2007-08
12. गुलशन बावरा 2008-09
13. यश चोपड़ा 2009-10
14. देव आनंद,मुम्बई - अभिनय 2010-11
15. सलीम खाँन, मुम्बई - पटकथा लेखन 2011-12
16. समीर, मुम्बई - गीतलेखन 2012-13
17. सई परांजपे, मुम्बई - निर्देशन 2013-14
18. दिलीप कुमार, मुम्बई - अभिनय 2014-15

19 .राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान वर्ष 2015 एवं 2016 क्रमशः पटकथा लेखन के लिए रूमी जाफरी तथा गीत लेखन के लिए योगेश को प्रदान किया गया था।

20. 2019 के लिए पटकथाकार अशोक मिश्रा मुंबई, 2020 के लिए गीत लेखक अमिताभ भट्टाचार्य।

21. 2021 के लिए निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री मुंबई को किशोर कुमार अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया था।

23. 2022 के लिए राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को दिया गया था।

24 . 2023 का किशोर सम्मान फिल्म निर्माता राजकुमार राजू हीरानी को दिया।

### कार्यक्रम में ये मौजूद रहेंगे

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति,पर्यटन,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री,जनजातीय कार्य एवं गैस राहत विभाग डॉ. विजय शाह एवं सांसद खंडवा ज्ञानेश्वर पाटिल उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में विधायक मांधाता नारायण पटेल, विधायक खंडवा कंचन मुकेश तनवे, विधायक, पंधाना छाया गोविंद मोरे, महापौर खंडवा अमृता अमर यादव, खंडवा जिला पंचायत की अध्यक्ष पिंकी सुदेश बानखेड़े की उपस्थिति रहेगी।

# आदतन अपराधियों से भरवाए बाउंड ओवर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में त्योहारों के मद्देनजर 27 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 13 प्रकरणों मे 15 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 12 प्रकरण मे 12 अनावेदक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 13 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे 13 गिरफ्तारी, 01 स्थाई, 38 जमानती वारंट, 90 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पंधाना के आरोपी लक्ष्मण पिता छगन भील निवासी ग्राम शाहपुरा के कब्जे से 09 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 900/- रुपये की जप्त की गई।

थाना पिपलोद के आरोपी गेंदालाल पिता नंदराम यादव जाति गवली उम्र 40 साल निवासी ग्राम बलवाडा के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेन शराब 3.06 लीटर कीमती 1020/-रुपये की जप्त की गई। थाना मूंदी के आरोपी मिश्रीलाल पिता लखन राठौर जाति तेली उम्र 34 साल निवासी वार्ड 08 मूंदी मिश्रीलाल के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा कीमती 1360/-रुपये की अवैध बेचते पाया गया7 उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# चाइल्डहुड कैंसर के प्रति किया जागरूकता कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा के संयुक्त तत्वावधान में लायन्स सेवा सप्ताह के तहत जिला चिकित्सालय परिसर में चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस एवं हेल्थ वर्कर ऑनर सेरेमनी का आयोजन किया गया।

नारायण बाहेती ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल्यावस्था के कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर योगदान दे रहे कर्मठ स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करना रहा। अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल कोषाध्यक्ष पवन लाड़ रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा के मार्गदर्शन में सेवा सप्ताह संयोजक गुरमीत सिंघ उबेजा, सह संयोजक अखिलेश गुप्ता,राजीव शर्मा,शरद खंडेलवाल, घनश्याम वाधवा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लायन्स की डाक्टर्स टीम व उपस्थित लायन्स क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि बाल्य कैंसर (चाईल्ड हुड केंसर) का समय पर निदान एवं उपचार होने से बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है। इस जागरूकता के महत्व को देखते हुए लायन्स डिस्ट्रिक्ट द्वारा सेवा सप्ताह में व लायन्स क्लब इंटरनेशनल द्वारा सितंबर माह को चाईल्ड हुड केंसर माह के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में यह स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्य में समर्पित डॉक्टर्स, नर्स, एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों,सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र ,माला, शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। लियो क्लब के अध्यक्ष सुमित परिहार,सचिव शिवम जायसवाल, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा व युवा सदस्यों व लायन सदस्यों ने जागरूकता पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से बाल्य कैंसर की पहचान, रोकथाम एवं उपचार संबंधी जानकारी साझा की।

लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने कहा कि लायन्स सदैव समाज के कमजोर वर्गों, जरूरतमंदों व रोगियों की सेवा के लिए तत्पर हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य एवं मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। सभी को वाल्मीकि जयन्ति पर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पदाधिकारियों के साथ ही गांधी प्रसाद गदले, सुशीला गदले,सुनील जैन, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी,हरिराम पटेल, उमाशंकर उपाध्याय,कुलविंदर आनंद,राजन बहेल, अपूर्व उपाध्याय, दीप उबेजा, शीतल उबेजा, सहित लायन व लियो सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन नारायण बाहेती ने किया। आभार सेवा सप्ताह संयोजक गुरमीत सिंघ उबेजा ने व्यक्त किया।

# जिले में 1 लाख 81 हजार 249 बच्चों को दवाई पिलाई जाएगी



### कलेक्टर ने बैठक में "पल्स पोलियो अभियान" की तैयारियों की समीक्षा की
### 12 अक्टूबर को 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी

नवभारत न्यूज

**खंडवा। आगामी 12 अक्टूबर को पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष आयु तक के सभी बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो अभियान के सुचारु क्रियान्वयन के लिए गठित जिला टॉस्क फोर्स की बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे सोमवार शाम को आयोजित हुई।**

उन्होंने बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर शत प्रतिशत बच्चों को पालियो निरोधक दवा पिलाने की व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि ब्लॉक व सेक्टर स्तर पर ए.एन.एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ताओ को पल्स पोलियो अभियान के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान की तिथियों का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक बच्चे पल्स पोलियो अभियान के तहत दवा पी सकें।

### 2900 कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि जिले में 1 लाख 81 हजार 249 बच्चो को दवाई पिलाई जायेगी, इसके लिये जिले में 1465 पोलियो बूथ बनाये गये हैं तथा 2900 कर्मचारियो की डयूटी लगाई गयी है। पल्स पोलियो अभियान की मॉनिटरिंग के लिए 146 सुपरवाइजर्स की डयूटी लगाई गयी है। उन्होंने बताया कि ईट भट्टे,निर्माण स्थल,वनग्रामो में पोलियो की दवाई पिलाने के लिए विशेष दल गठित किए गये हैं। डॉ. जुगतावत ने बताया कि 12 अक्टूबर को पोलियो बूथ पर पोलियों की दवाई पिलाई जायेगी। इसके बाद अगले दिन 13 एवं 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर उन छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जायेगी जो कि किन्हीं कारणों से बूथ पर दवा नहीं पी सके थे।

**कांग्रेस की बैठक** — ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में तेज हुआ कांग्रेस का अभियान

# 15 अक्टूबर तक 1 लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य





नवभारत न्यूज

**खंडवा। वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक खंडवा कांग्रेस कार्यालय में हुई। अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।**

मुख्य उद्देश्य कथित 'वोट चोरी' और मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे पर जनता के बीच जागरूकता फैलाना और 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करना है। एकत्र किए गए हस्ताक्षरों को बाद में राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को जनता के सशक्त जनादेश के रूप में सौंपा जाएगा।

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को लेकर 7 अक्टूबर दोपहर 12.30 बजे से जिला कांग्रेस कार्यलय गांधी भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी के नेतृत्व में एक महत्वपुर्ण बैठक आयोजित की गई एवं सभी की जवाबदारी तय की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि चूंकि यह अभियान राष्ट्रव्यापी है, कई जिलों में कांग्रेस कमेटियों ने बैठकें करके इसकी रणनीति तैयार की है और इसे शुरू कर दिया है। इस क्रम में खंडवा में भी अभियान की विधिवत शुरुवात पूर्व में हो चुकी है हमारा लक्ष्य खंडवा जिलें में एक लाख हस्ताक्षर करवाने का है जिसे हम कार्यकर्ताओं के सहयोग से समय सीमा में पूरा करवा लेंगे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यकम नहीं है, यह संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की निर्णायक पहल है।

हर जिले से कम से कम एक लाख हस्ताक्षर कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिला स्तर पर एक टीम बनाकर डे टू डे की मॉनिटरिंग कराना भी सुनिश्चित की गई है।

### ये कांग्रेसजन मौजूद थे

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह,शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी,प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील आर्य,नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर, अजीज मदनी,विकास व्यास,चैनसिंह वर्मा,आसिम पटेल,मेहमूद खान,प्रेमांशु जैन,शहजाद पवार,पार्षद शब्बीर कादरी, तरिक पटेल बबलू,असलम गौरी,सागर पवार,मोइज खान,मनोज मंडलोई, अहमद पटेल,दिव्यांश ओझा,यशवंत सिलावट, धर्मेन्द्र साकल्ले, अय्यूब लाला,विशाल जैन,नासिर खान,वामनराव जाधव, अब्दुल कादिर,प्रितेश जैन,देवेंद्र यादव,नरसिम्हा सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।